भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (मानद विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत), पिन-132001.
Karnal, Haryana (India), PIN-132001
राजभाषा एकक (HINDI CELL)
ईमेल : hindicell.ndri@icar.gov.in

फा.सं. 12-6/अनुदेश/राजभाषा एकक

दिनांक : 21/06/2021

# परिपत्र

संस्थान के सभी प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष से निवेदन है कि वह अपने प्रभाग/अनुभाग से जारी किये जाने वाले दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि जारी किया जाने वाला दस्तावेज यदि धारा 3(3) के अंतर्गत (आदेश, परिपत्र आदि) आता है तो उसे अनिवार्य रूप से द्विभाषी में ही जारी करवायें। साथ ही राजभाषा नियम 1976 के नियम 5 के तहत हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर केवल और केवल हिन्दी में ही दिए जायें। यदि इन सांविधिक प्रावधानों का किसी भी स्तर पर उल्लंघन पाया जाता है तो पत्र/दस्तावेज को तैयार करने वाले कर्मचारी के साथ-साथ उस पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी भी जिम्मेवार होंगे। इसके अतिरिक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मूल पत्राचार के 100 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपेक्षित कदम उठाया जाना आवश्यक है।

यदि किसी प्रभाग या अनुभाग को किसी दस्तावेज को हिन्दी में जारी करने में कठिनाई हो रही हो तो इसके लिए संस्थान के राजभाषा एकक से सहायता ली जा सकती है। अनुवाद संबंधी सुविधा के लिए दस्तावेज को समय से पूर्व राजभाषा एकक को अनुवाद के लिए उपलब्ध करायें।

धीरज शर्मा
21/6/21
उपनिदेशक (राजभाषा)
प्रभारी, राजभाषा एकक

**प्रतिलिपि :**

1. संस्थान के सभी प्रभाग/अनुभाग के अध्यक्ष/प्रभारी को उनके अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों में परिचालित करने हेतु।
2. संस्थान की वेबसाइट व ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड पर अपलोडिंग हेतु।
3. निदेशक के निजी सचिव को निदेशक, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल के सूचनार्थ।